राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान

झालाना सांस्थानिक क्षेत्र, जयपुर

क्रमांक :—F-109(6)/SIHFW/MH-Recruit/Pharma/2023/ 254 दिनांकः— 07/01/25

फार्मासिस्ट भर्ती 2023 के अभ्यर्थियों हेतु आवश्यक सूचना

राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, जयपुर द्वारा फार्मासिस्ट भर्ती 2023 के अन्तर्गत दिनांक 05.07.2024 को जारी अंतरिम वरीयता सूची में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि सक्षम स्तर पर लिये गये निर्णयानुसार उनके द्वारा भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित रहने हेतु अनुभव अवधि के दौरान दोहरा कार्य किये जाने के संबंध में ऑनलाईन शपथ—पत्र प्रस्तुत किया जाना है। शपथ पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत सूचना/दिशा—निर्देश संस्थान की वैबसाईट www.sihfwrajasthan.com पर उपलब्ध है।

07/01/25

निदेशक
राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान
जयपुर, राजस्थान

राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान

झालाना सांस्थानिक क्षेत्र, जयपुर

क्रमांक :—F-109(6)/SIHFW/MH-Recruit/Pharma/2023/253 दिनांकः—07/01/25

फार्मासिस्ट भर्ती 2023 की अंतरिम चयन सूची में सम्मिलित समस्त अभ्यर्थियों द्वारा भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित रहने हेतु अनुभव अवधि के दौरान दोहरा कार्य किये जाने के संबंध में ऑनलाईन प्रस्तुत किये जाने वाले ''शपथ–पत्र'' के संबंध में विस्तृत सूचना / दिशा–निर्देश

1. राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, जयपुर द्वारा फार्मासिस्ट भर्ती 2023 के अन्तर्गत दिनांक 05.07.2024 को जारी अंतरिम वरीयता सूची में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों द्वारा अनुभव अवधि के दौरान सक्षम स्तर पर लिये गये निर्णय की पालना में दोहरा कार्य नहीं करने के संबंध में ऑनलाईन शपथ–पत्र प्रस्तुत किया जाना है।

2. शपथ–पत्र दिनांक 08.01.2025 से 14.01.2025 बजे तक ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से ही प्रस्तुत किया जा सकेगा। इस हेतु लिंक संस्थान की वैबसाईट www.sihfwrajasthan.com पर दिनांक 08.01.2025 दोपहर 12.00 बजे से उपलब्ध रहेगा। उक्त लिंक दिनांक 14.01.2025 की मध्य रात्रि 12.00 बजे पश्चात स्वतः निष्क्रिय हो जायेगा। अंतिम तिथि व समय के पश्चात अथवा व्यक्तिशः, ई–मेल, डाक या अन्य किसी भी माध्यम से प्रेषित शपथ–पत्र स्वीकार्य नहीं होगा।

3. शपथ–पत्र रू 100 / – के नॉन–ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर विधिवत रूप से नोटराईज्ड करवाया जाना अनिवार्य होगा।

4. शपथ–पत्र का प्रारूप संस्थान की वैबसाईट www.sihfwrajasthan.com पर उपलब्ध है। अन्य किसी प्रारूप में प्रस्तुत किये जाने वाला शपथ–पत्र स्वीकार्य नहीं होगा।

5. यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा सम्पूर्ण अनुभव अवधि के दौरान दोहरा कार्य नहीं किया जाकर, उक्त अवधि में किसी अवधि विशेष के दौरान ही दौहरा कार्य किया गया है तो इसका उल्लेख शपथ–पत्र में किया जा सकता है।

6. शपथ पत्र अपलोड करने हेतु लिंक संस्थान की वैबसाईट www.sihfwrajasthan.com पर दिनांक 08.01.2025 दोपहर 12.00 बजे से उपलब्ध रहेगा। उक्त लिंक दिनांक 14.01.2025 मध्य रात्रि 12.00 बजे पश्चात स्वतः निष्क्रिय हो जायेगा। लिंक पर क्लिक करने के पश्चात, मूल ऑनलाईन आवेदन में अंकित मोबाईल न. पर ओटीपी प्राप्त होगा, जिसे दर्ज करने पर अभ्यर्थी के समक्ष शपथ पत्र अपलोड करने का Option उपलब्ध होगा। शपथ–पत्र अपलोड करने के पश्चात इसे Submit किया जा सकेगा।

7. शपथ–पत्र केवल PDF Format में एवं स्पष्ट एवं पूर्ण रूप से पठनीय होना आवश्यक है।

8. अभ्यर्थी को एक आई.डी. पर एक ही बार एवं एक ही शपथ पत्र अपलोड करने की अनुमति प्रदत्त होगी। अतः अभ्यर्थियों द्वारा पूर्ण सावधानी से शपथ–पत्र तैयार एवं अपलोड किया जाये। इस संबंध में किसी भी परिस्थिति में किसी प्रकार की शिथिलता प्रदान नहीं की जायेगी।

9. अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किये गये शपथ–पत्र के आधार पर अग्रिम कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जावेगी। अतः बाद में कोई संशोधित शपथ–पत्र स्वीकार्य नहीं होगा।

10. अभ्यर्थी द्वारा अपलोड किये गये शपथ–पत्र का मूल दस्तावेज संस्थान को रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 14.01.2025 कार्यालय समय तक भिजवाया जाना अनिवार्य है, जिससे की अंतिम चयन सूची जारी करने से पूर्व इनका मिलान कर सत्यापन किया जा सके। अभ्यर्थी द्वारा लिफाफे पर ''फार्मासिस्ट भर्ती 2023–शपथ–पत्र'' एवं ''एप्लीकेशन आई.डी. (आवेदन क्रमांक)'' का उपरी भाग पर स्पष्ट अंकन किया जाये। अंतिम दिनांक पश्चात अथवा व्यक्तिशः, साधारण डाक अथवा अन्य माध्यम से प्राप्त होने वाले दस्तावेज पर विचार नहीं किया जावेगा, जिसके फलस्वरूप संबंधित अभ्यर्थी को भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं रखा जा सकेगा जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित अभ्यर्थी स्वयं का होगा।

11. अंतरिम चयन सूची में सम्मिलित समस्त अभ्यर्थियों द्वारा उपरोक्तानुसार शपथ–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। शपथ–पत्र प्रस्तुत नहीं करने वाले अभ्यर्थियों को भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं रखा जायेगा।

12. निर्धारित शपथ–पत्र के साथ अथवा इसके स्थान पर कोई अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने पर वह दस्तावेज मान्य नहीं होगा।

07/01/25

निदेशक
राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान
जयपुर, राजस्थान